CS (MAIN) EXAM, 2010

4874

B-DTN-K-QBA

# PUBLIC ADMINISTRATION

## Paper I

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 300

### INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions No.* **1** *and* **5** *which are compulsory, and any* **three** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A

1. Answer any ***three*** of the following questions in not more than 200 words each : *20×3=60*

   (a) "Not merely governance but good governance is the key factor in achieving the United Nations Millennium Goals (2000)." Explain.

   (b) "In McGregor's view, the managerial cosmology meaningfully addresses the understanding of manager and his role perceptions." Explain.

   (c) "The successful management leaders are found in Likert's 'System-4' approach to organisational leadership." Examine.

   (d) "The study of administration should start from the base of management rather than the foundation of law." Explain.

2. (a) "Simon's identifying decision-making as the core field of public administration appears logically acceptable but his positivist underpinning is problematic." Critically examine the statement. *40*

   (b) "New Public Management is dead; long live digital era of governance." Comment. *20*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 200 शब्दों से अधिक में न हो : *20×3=60*

(क) "संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दि लक्ष्यों (2000) को प्राप्त करने में, केवल शासन नहीं, बल्कि उत्तम शासन ही, मूल कारक है ।" स्पष्ट कीजिए ।

(ख) "मैक्ग्रेगर के विचार में, प्रबंधकीय ब्रह्मांडिकी (कॉस्मोलॉजी) प्रबंधक की समझ और उसके भूमिका बोध के प्रति अर्थपूर्ण तरीके से ध्यान केंद्रित करती है ।" स्पष्ट कीजिए ।

(ग) "सफल प्रबंधन नेता लिकर्ट के संगठनात्मक नेतृत्व के प्रति 'तंत्र-4' उपागम में पाए जाते हैं ।" परीक्षण कीजिए ।

(घ) "प्रशासन के अध्ययन की शुरुआत विधि की नींव के बजाय प्रबंधन के आधार से होनी चाहिए ।" स्पष्ट कीजिए ।

2. (क) "साइमन द्वारा निर्णयन की लोक प्रशासन के आधारभूत क्षेत्र के तौर पर पहचान करना, तार्किक रूप से स्वीकार्य प्रतीत होता है परंतु उसका निर्णयन को प्रत्यक्षवादी मज़बूती के साथ प्रस्तुत करना समस्यापूर्ण है ।" इस कथन का समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए । *40*

(ख) "नव लोक प्रबंधन निर्जीव हो गया है; शासन का अंकीय युग दीर्घायु हो ।" टिप्पणी कीजिए । *20*

3. Explain the impact of privatisation on public administration with special reference to *20×3=60*

   (a) the issue of user fees.

   (b) public-private partnership.

   (c) outsourcing technique.

4. Explain the basic principles underlying Citizen's Charter with special reference to *20×3=60*

   (a) its administrative philosophy.

   (b) promoting public accountability.

   (c) ensuring standards of public service.

3. लोक प्रशासन पर, निम्नलिखित के विशेष उल्लेख के साथ, निजीकरण के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए : *20×3=60*

(क) प्रयोक्ता फीस का मुद्दा

(ख) सार्वजनिक-निजी साझेदारी

(ग) बाह्य-स्रोतन तकनीक

4. नागरिक चार्टर के मूल में, निम्नलिखित के विशेष उल्लेख के साथ, आधारभूत सिद्धांतों को स्पष्ट कीजिए : *20×3=60*

(क) उसका प्रशासनिक दर्शन

(ख) लोक जवाबदेही की प्रोन्नति करना

(ग) लोक सेवा के मानकों को सुनिश्चित करना

## SECTION B

5. Answer any ***three*** of the following questions in not more than 200 words each : *20×3=60*

   (a) "The concept of development is multi-dimensional and ever-expanding." Explain.

   (b) "The Prismatic model of Riggs is equally applicable to developing as well as developed society." Comment.

   (c) "The market has become the new icon of developmentalism." Comment.

   (d) "Public administration can be portrayed as a wheel of relationships focussed on the formulation and implementation of public policy." Explain.

6. (a) Explain the 'Peter Principle' in respect of promotion policy in a hierarchical organisation. *20*

   (b) Discuss in this connection the case for and against promotion based on seniority. *40*

7. (a) Distinguish fully between the syndicate method, role playing method, and T-Group training method in personnel management. *40*

   (b) Do you think that there is a sort of paradox between e-Governance and good governance ? Explain fully. *20*

## खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 200 शब्दों से अधिक में न हो : *20×3=60*

(क) "विकास की संकल्पना बहुआयामी एवं निरंतर विस्तारशील है ।" स्पष्ट कीजिए ।

(ख) "रिग्स का प्रिज़्मीय मॉडल विकासशील और विकसित समाजों पर बराबर-बराबर लागू होता है ।" टिप्पणी कीजिए ।

(ग) "बाज़ार विकासवाद की नई मूर्ति (आइकन) बन गया है ।" टिप्पणी कीजिए ।

(घ) "लोक प्रशासन को सम्बन्धों के एक ऐसे पहिए के रूप में चित्रित किया जा सकता है, जिसको लोक नीति के निरूपण और क्रियान्वयन पर फोकस किया गया हो ।" स्पष्ट कीजिए ।

6. (क) सोपानिक संगठन में, प्रोन्नति नीति के सम्बन्ध में, 'पीटर सिद्धांत' की व्याख्या कीजिए । *20*

(ख) इस सम्बन्ध में, वरिष्ठता पर आधारित प्रोन्नति के मामले में, पक्ष एवं विपक्ष की ओर से चर्चा कीजिए । *40*

7. (क) कार्मिक प्रबंधन में सिंडिकेट विधि, भूमिका निर्वहन विधि, और टी-समूह प्रशिक्षण विधि के बीच पूर्णरूपेण विभेदन कीजिए । *40*

(ख) क्या आपके विचार में, ई-शासन और सु-शासन के बीच एक प्रकार का विरोधाभास है ? इस बात को पूरी तरह से समझाइए । *20*

8. (a) Distinguish between PPBS and performance budgeting. 20

(b) Briefly discuss the principles of ensuring ethics in public service as recommended in the Nolan Committee Report (1994). 20

(c) "Cost-benefit analysis is a very unsatisfactory view of evaluating public policy." Comment. 20

8. (क) पी.पी.बी.एस. और निष्पादन बजटन के बीच विभेदन कीजिए । 20

(ख) लोक सेवा में नैतिक नियमों को सुनिश्चित करने के सिद्धांतों पर, जैसे कि नोलन समिति रिपोर्ट (1994) में उनके बारे में सिफारिश की गई है, संक्षेप में चर्चा कीजिए । 20

(ग) "लागत-लाभ विश्लेषण लोक नीति का मूल्यांकन करने का एक बहुत ही असंतोषजनक दृष्टिकोण है ।" टिप्पणी कीजिए । 20

B-DTN-K-QBA

# लोक प्रशासन

## प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*